# साहित्य अकादमी के पुस्तक मेले का समापन

नई दिल्ली। साहित्य अकादमी की ओर से आयोजित पुस्तक मेले पुस्तकायन का रविवार को समापन किया गया। 10 दिनों तक चलने वाले इस मेले में 200 से अधिक लेखकों और कलाकारों ने हिस्सा लिया। मेले में 40 से अधिक प्रकाशकों ने अपनी पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया। पुस्तकालयन के दौरान बहुभाषी कहानी पाठ, आदिवासी लेखक सम्मिलन, गीत संध्या, गजल संध्या, मुशायरा, लघुकथा पाठ, व्यंग्य पाठ और कई विषयों पर परिचर्चाओं का आयोजन किया गया। लेखक से संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत कई नामचीन लेखकों से मुलाकात करने का मौका भी पाठकों को मिला।